# जन सुनवाई विवरण

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना 01.12. 2009 के प्रावधानों के अंतर्गत एवं कार्यालय जिला कलक्टर, उदयपुर के आदेश क्रमांक प. 39/2( )राज./खनंन/2019/1484 दिनांक 25/08/2021 की अनुपालना में **श्री खेम सिंह राव** की प्रस्तावित क्वार्टज एवं फैल्सपार मय कलस्टर खनन परियोजना कलस्टर संख्या UD-02/29E –कुल 14 खनन पट्टे व 01 एल.ओ.आई. , (एमएल नं. 85/07, 05/13, 33/05, 34/05, 459/11, 250/12, 24/11, 102/11, 23/11, 28/11, 198/12, 437/11, 94/12 एवं 24/2013 ) एम.एल संख्या 13/2018, क्षेत्रफल 3.8789 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 157232 टन प्रतिवर्ष (रोम) एवं कलस्टर क्षेत्रफल 68.2594 हैक्टेयर, कलस्टर उत्पादन क्षमता 28.0 लाख टन प्रतिवर्ष (रोम) के खनन की पर्यावरणीय स्वीकृती हेतु जन सुनवाई दिनांक 27.09.2021 को राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय ग्राम पंचायत खाम की मादडी, तहसील मावली जिला उदयपुर (राजस्थान) को प्रातः 11:00 बजे जिला कलक्टर, उदयपुर के प्रतिनिधि श्री ओ.पी. बुनकर, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन), उदयपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस जन सुनवाई की सूचना नोटिफिकेशन के प्रावधानुसार तीस दिन पहले राष्ट्रीय एवं स्थानीय समाचार पत्रो में दिनांक 27.08.2021 को (दनिक नवज्योति एवं राष्ट्रदूत) में प्रकाशित की जा चुकी है **(परिशिष्ठ "अ"** )में संलग्न है।

लोक जन सुनवाई में उपस्थित क्षेत्र के पधारे हुए उधोगमालिक, ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधि सदस्यों की सूची (**परिशिष्ठ "ब"** में सलंग्न) है।

श्री विनय कट्टा क्षैत्रीय अधिकारी ने कहा की मैं आपको अवगत करवा देना चाहता हूं कि इस जन सुनवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव या शिकायत की जायेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेगे तथा जन सुनवाई में होने वाली कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी की जा रही है। उसकी सीडी /डीवीडी के

अति. जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

अनुरूप कार्यवृत (Minuts) बनाये जायेगे जिसको सेक्रेट्रेट ऑफ स्टेट लेवल एक्सपर्ट कमेटी (SEAC), जयपुर, राजस्थान को प्रेषित करेगे क्योंकि इस क्लस्टर का ट्रर्म्स ऑफ रेफरेन्स (Terms of Reference) दिनांक 30.07.2020 को इसी कमेटी द्वारा जारी की है।

अतः मैं आपको पुनः विश्वास दिलाता हूं कि हम आज पर्यावरण स्वीकृति बाबत किसी प्रकार का निर्णय नहीं ले रहे है , निर्णय तो सैक्रेट्रेटं ऑफ स्टेट लेवल एक्सपर्ट कमेटी (SEAC), जयपुर, रांजस्थान द्वारा ही लिया जायेगा। हम तो केवल मात्र आपके सुझाव आपके आक्षेप चाहे वो लिखित व मौखिक हो उसे कलमबद्ध करके वीडियों रिर्कोडिंग के साथ कार्यवृत (Minuts) बनाकर नोटिफिकेशन के अनुपालना स्वरूप आगे भिजवा देगें।

जनसुनवाई से पूर्व श्री विनय कट्टा क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम उदयपुर ने कहा कीं उक्त परियोजना के सम्बंध में आम सूचना के अखबार में प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक कोई मौखिक अथवा लिखित आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

कार्यवाही विवरण

उक्त जनसुनवाई की बैठक श्रीमान् अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) की अध्यक्षता में रखी गई जिनमें निम्न सदस्यों ने उपस्थिति दी।

1. श्री ओ.पी.बुनकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर–(प्रशासन), उदयपुर
2. **श्री विनय कट्टा क्षैत्रीय अधिकारी रा.रा.प्र.नि.म., उदयपुर,**

श्री विनय कट्टा क्षेत्रीय अधिकारी नें खान मालिक के प्रतिनिधि को आग्रह किया कि वो इस खान परियोजना से संबंधित बनायी गयी कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी देवें साथ ही खनन के दौरान पर्यावरण को होने वाले नुकसान तथा पेड़ पोधो, जल/वायु प्रदूषण यदि हो रहा है तो उसके बारे में आप द्वारा क्या उपाय किये जायेंगे तथा खान मालिकों द्वारा आप सभी ग्रामवासियों के जन कल्याण बाबत क्या योजना बनाई गयी है

अति. जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

उसकी भी जानकारी देगें ताकि खान के निकट गांवों में रहने वाले ग्रामवासियों का सामाजिक/आर्थिक उत्थान हो सके तथा समस्त गांवो के विकास में भी बाधा भी न आवें।

इसके पश्चात् परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार **श्री उमेश कुमार शर्मा**, मैसर्स वरदान एन्वायरोनैट गुडगॉव हरियाणा ने खनन परियोजना के बारे में विस्तृत प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जनसुनवाई में उपस्थित ग्रामवासियों को अवगत कराया।

परियोजना के पर्यावरणीय/तकनीकी सलाहकार श्री उमेश कुमार शर्मा ने ग्राम खाम की मादडी, तहसील मावली एवं जिला उदयपुर की क्वार्टज एवं फैल्सपार मय कलस्टर खनन परियोजनाओ (कलस्टर संख्या UD- 02/29E –14 खनन पट्टे व 01 एल.ओ.आई. ) में प्रस्तावित क्वार्टज एवं फैल्सपार खदान (क्षेत्रफल 3.8789 हैक्टेयर, एम.एल संख्या 13/2018) व इस कलस्टर मे आने वाली परियोजनाओ की मुख्य विषेशताएं, खनन योग्य खनिज भण्डार, खनन विधि, खान की आयु, अध्ययन क्षेत्र का विवरण, टोपोग्राफी, खनन से होने वाले संभावित पर्यावरणीय प्रभाव और न्यूनीकरण उपाय, पर्यावरण संरक्षण के उपाय, कामगारों के कल्याण के लिये और प्रस्तावित् नियमित सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) से सम्बंधित जानकारी उपस्थित ग्रामवासीयों/जनसमूह को बताई गई।

श्री विनय कट्टा द्वारा उपस्थित जनसमूह को प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में पर्यावरण से सम्बंधित आक्षेप/सुझाव हेतु आमंत्रित करने हेतु कहा की आपको यदि इसके बाबत कोई सुझाव या शिकायत हो तो कृपया सबसे पहले आप अपना परिचय दे जिसमें आपका नाम तथा गाँव एवं आपकी जाति बतावें साथ ही अपना सुझाव / शिकायत जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझे हमें दे सकते है।

अति. जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

उपस्थित जनता में से प्राप्त सुझाव/आक्षेप/प्रश्न/शिकायत/जानकारी का विवरण निम्न प्रकार है–

1. **श्री कान सिंह राव सरपंच खाम की मादडी** ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि पूर्व में भी यहॉ पर जो अन्य खनन परियोजनाए चल रही है जो कि कोई भी नियम के अनुरूप कार्य नही कर रही है व पूर्व की इन खनन् परियोजनाओं में ब्लास्टिग भी नियमों से नही होती है व पूर्व की इन खनन् परियोजनाओं में अवैद्य खनन् भी होता है जिसके बारें में सम्बंधित विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है परन्तु कोई भी उचित कार्यवाही सम्बंधित विभाग द्धारा नही कि जाती है पूर्व की इन खनन् परियोजनाओं द्धारा खनिज का परिवहन भी नियमों से नही होता है व पूर्व कि इन खनन परियोजनाओ द्वारा कोई भी पौधारोपण नहीं किया गया ना ही किसी भी प्रकार कि कोई सहायता गॉव के विकास हेतु दी गई है नाही डी.एम.एफ.टी फंड से कोई भी राशि गॉव के विकास हेतु दी गई है नाही गाव की स्कुलों के विकास के लिए कोई कार्य पूर्व की इन खनन् परियोजनाओं द्धारा किया गया है इस कलस्टर में चलने वाली पूर्व कि खनन परियोजनाओ द्वारा रोजगार आस–पास के निवासियों को मिलता है जिस कारण ही ग्राम पंचायत द्धारा कोर्ट स्टे नहीं लिया गया। श्री खेम सिंह राव को उक्त प्रस्तावित खनन् परियोजना आंवटित होती है तो ग्राम पंचायत को व ग्राम निवासियों को कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही पूर्व कि खनन परियोजनाओं द्वारा नियम विरूद्ध कार्य करने की आपत्ति भी दर्ज कराई ।

2. **श्री देवीसिंह राव निवासी खाम की मादडी** ने कहा कि श्री खेम सिंह राव को उक्त प्रस्तावित खनन् परियोजना आंवटित होती है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है व पूर्व की खनन् परियोजनाओं में ब्लास्टिग भी नियमों से नही होती है जिससे आस –पास के क्षैत्र का भू जल स्तर भी प्रभावित हुआ है व पूर्व की खनन् परियोजनाओं द्धारा खनन् कार्य नियमों से नही करने के कारण आसपास के निवासियों का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है व पूर्व कि इन खनन परियोजनाओ द्वारा कोई भी पौधारोपण नहीं किया गया व पूर्व की इन खनन् परियोजनाओं में अवैद्य खनन् भी होता है

3. **श्री मोहनसिंह निवासी खाम की मादडी** ने कहा कि अगर पर्यावरण के नियमों से श्री खेम सिंह राव उक्त प्रस्तावित खनन् परियोजना में खनन् कार्य आरम्भ करतें हे तो हमें कोई आपत्ति नहीं हैव पूर्व में यहॉ पर जो अन्य खनन परियोजनाए चल रही है वे कोई भी नियम के अनुरूप कार्य नही कर रही है ।

अति. जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

4. **श्री उमेशसिंह राव निवासी खाम की मादडी** ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि पूर्व में भी यहॉ पर जो अन्य खनन् परियोजनाए चल रही है वे कोई भी नियम के अनुरूप कार्य नही कर रही है व श्री खेम सिंह राव को उक्त प्रस्तावित खनन् परियोजना आंवटित होती है तो ग्राम निवासियों को कोई आपत्ति नहीं है।

5. **श्री रूपसिंह राव निवासी खाम की मादडी** कि ग्राम वासियों द्धारा दर्ज कि गई उक्त आपत्तियों से वे सहमत है व साथ ही सुझाव दिया कि सरकार द्धारा खनन् परियोजनाओं का आंवटन स्कुलो के आसपास नही किया जावें ।

6. **श्री खुमाणसिंह निवासी खाम की मादडी** ने कहा कि अगर पर्यावरण के नियमों से श्री खेम सिंह राव उक्त प्रस्तावित खनन् परियोजना में खनन् कार्य आरम्भ करतें हे तो हमें कोई आपत्ति नहीं है।

7. **श्री अर्जुनसिंह निवासी खाम की मादडी** आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि पूर्व कि खनन परियोजनाओ द्धारा कोई भी पौधारोपण नहीं किया गया है व साथ ही सुझाव दिया कि वक्षारोपण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की भागीदारी भी सुनिशिचित कि जावें । उक्त खनन् परियोजना का हम स्वागत करते है इस परियोजना के आने से स्थानीय निवासियों को रोजगार भी मिलेगा ।

इसके पश्चात आसपास के युवाओं ने सुझाव दिया कि बच्चों के स्कुल आने व जाने के समय पर खनिज परिवहन कम से कम किया जावें । उक्त खनन् परियोजना का हम स्वागत करते है ।

इसके पश्चात परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार श्री उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि अभी इस खनन परियोजना में खनन कार्य प्रारम्भ नही किया गया है व संबंधित विभागो द्वारा अनुमति मिलने पर ही खनन कार्य आरम्भ किया जायेगा। परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार श्री उमेश कुमार शर्मा ने उपस्थित जन समुदाय से कहा कि आपकी समस्त आपत्तियां पूर्व में चल रही खनन परियोजनाओं के कारण है जिसके बारे में क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर एवं श्रीमान् अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन), उदयपुर द्वारा संबंधित विभाग को अवगत कराया जायेगा व श्री खेमसिह राव द्धारा खनन परियोजना में समस्त कार्य नियमों से किये जायेंगें जिसके लिये हम प्रतिबद्ध है।

जनसुनवाई के दौरान कोई भी अभ्यावेदन प्राप्त नही हुआ।

अति. जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

8. **श्री ओ.पी. बुनकर , अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन)**, उदयपुर ने जन सुनवाई में उपस्थित ग्राम निवासीयों व पदाधिकारीयों का आभार प्रकट किया व जन सुनवाई का उद्धेश्य बताया व जन सुनवाई में प्राप्त मौखिक/लिखित आपत्तियो को प्राप्त कर मौके पर ही संम्बंधीत अधिकारियों को मौखिक/लिखित आपत्तियो के उचित निवारण हेतु निर्देश दिये व उपस्थित ग्राम निवासीयों व पदाधिकारीयो को आश्वस्त किया कि समस्त कार्य विवरण मय विडीयोग्राफी को उच्च स्तर तक अवगत कराया जायेगा।

9. **श्री विनय कट्टा** क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि आपके द्वारा दिये गये सुझावों एवं आक्षेपो को जनसुनवाई के कार्यवृत में शामिल किया जा रहा है तथा कार्यवाही विवरण की वीडियो रिकार्डिंग सी.डी.(**परिशिष्ठ "स"** में सलंग्न) एवं फोटोग्राफ(**परिशिष्ठ "द"** में सलंग्न) के साथ उन्हें राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जयपुर के समक्ष प्रेषित किया जावेगा। जनसुनवाई समाप्ति की घोषणा करता हुँ।

(ओ.पी. बुनकर)
अतिरिक्त जिला कलक्टर, (प्रशासन)
जिला–उदयपुर

अति. जिला कलक्टर
उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

(विनय कट्टा)
क्षेत्रीय अधिकारी,
क्षे.का.,रा.प्र.नि.म., उदयपुर

# पर्यावरणीय कलीयरेन्स हेतु जन सुनवाई

श्री खेम सिंह राव, एम.एल.न0 13/2018 (क्षैत्रफल 3.8789 हैक्टेयर)" क्वार्टज एवं फैल्सपार", ग्राम– खाम की मादडी, तहसील–मावली, जिला–उदयपुर प्रस्तावित परियोजना क्वार्टज एवं फैल्सपार मय कलस्टर (एम.एल.न0 13/2018, क्षैत्रफल 3.8789 हैक्टेयर) उत्पादन परियोजना क्षमता 157232 टन प्रतिवर्ष (रोम) हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई बाबत् दिनांक 27.09.2021 को प्रातः 11:00 बजे स्थान राजकिय उच्च प्राथमिक विधालय,ग्राम खाम की मादडी ,तहसील –मावली जिला उदयपुर के में आयोजित जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिकगणः–

| क0स0 | व्यक्ति का नाम | पता/विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | O. P. Bunkar | ADM, Udaipur | [signature] |
| 2. | VINAY KATTA | R.O, RPCB Udaipur | [signature] |
| 3. | R.L. Kumawat | Tehsildar Mavli | [signature] |
| 4. | RENU PANERI | पटवारी | [signature] |
| 5. | Ram Singh Rao | सरपंच ग्राम पंचायत | [signature] |
| 6. | Palash Kothari | खाम की मादडी | [signature] |
| 7. | [illegible] | खाम की मादडी | [signature] |
| 8. | वीरम सिंह | खाम की मादडी | [signature] |
| 9 | विजयसिंह | खाम की मादडी | [signature] |
| 10. | मोहनसिंह राव | खाम की मादडी | [signature] |
| 11. | देवी सिंह राव खाम की | खाम की मादडी 9314087571 | [signature] |
| 12. | हरिसिंह राव | ADO P.S. Mavli | [signature] |
| 13 | भंवर सिंह | " | [signature] |
| 14 | Shardul Singh | " | [signature] |
| 15 | [illegible] | " | [signature] |
| 16 | [illegible] | " | [signature] |
| 17 | [illegible] सिंह | " | [signature] |
| 18 | भंवरसिंह | खाम की मादडी | Bhanwar Singh |
| 19 | [illegible] सिंह | " " | [signature] |
| 20 | [illegible] सिंह | गांव खाम की [illegible] | [signature] |
| 21 | [illegible] सिंह जी | खाम की मादडी | |
| 22 | रघुनाथसिंह | | रघुनाथसिंह |
| 23. | | | |

संलग्नक:

| क्र0स0 | व्यक्ति का नाम | पता / विभाग / ग्राम का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 24 | भवरसिंह | महुडा | भवरसिंह |
| 25 | रूपसिंह | ग्राम की मादडी | द. रूपसिंह |
| 26 | बाबा रामजी | ग्राम की मादडी | [thumb impression] |
| 27 | शालमा जी | ग्राम की मादडी | [thumb impression] |
| 28 | तेज सिंह जी | ग्राम की मादडी | तेजसिंह |
| 29 | कान सिंह जी | ग्राम की मादडी | Kan Singh |
| 30 | जितेन्द्र सिंह जी | ग्राम की मादडी | [signature] |
| 31 | नागेन्द्र सिंह जी | ग्राम की मादडी | Nagendra |
| 32 | गजेन्द्र वैष्णव | ग्राम की मादडी | [signature] |
| 33 | जसवन्त वैष्णव | ग्राम की मादडी | [signature] |
| 34 | ईश्वर सिंह | अमितालिया की मादडी | Ishwar |
| 35 | चन्द्र प्रकाश | RPCB, Udaipur | [signature] |
| 36 | Umesh Kr. Sharma | Vardan Environet Sr. Manager | [signature] |
| 37 | Mool Chand | Vardan Environet Environment officer. | Mool |
| 38 | Mahendra Kothari | 17, Manglam, Tilak Nagar H.M., Udaipur | Kothari |
| 39 | | | |
| 40 | | | |
| 41 | | | |
| 42 | | | |
| 43 | | | |
| 44 | | | |
| 45 | | | |
| 46 | | | |